तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

12 सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ उठा रही सख्त कदमः राज्यमंत्री



12 दुर्गा सप्तमी पर महाकाली मन्दिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, माता के जयकारे गूंजे



## खबर संक्षेप

### शहर में झगड़ा, 50 वर्षीय बुजुर्ग और महिला घायल

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव रोहट में रविवार को दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। झगड़े में 50 वर्षीय एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि सीमा नामक एक महिला को भी चोटें आईं। घायल बुजुर्ग को परिजनों द्वारा तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं, महिला को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### जनता कॉलोनी में दो पक्षों में झगड़ा, युवक गंभीर घायल

**सोनीपत।** शहर के जनता कॉलोनी में रविवार देर शाम दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। झगड़े में अजय नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल अजय को तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवतियां लापता

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 क्षेत्र से अलग-अलग मामलों में दो युवतियां रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गईं। स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में गांव अहमदपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी किसी काम से घर से बाहर गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी।

### सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर रविवार को गोल्डन एच ढाबे के सामने हुए सड़क हादसे में 18 वर्षीय मेहताब नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब मेहताब किसी काम से सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपित काबू

**सोनीपत।** जिले की थाना सिविल लाइन सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित उर्फ मीता निवासी कोट मोहल्ला, सोनीपत है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### बेड़े में शामिल आधे के करीब गाड़ियों का नियम के अनुसार समय हो चुका पूरा

# खस्ता हालत में पहुंची जीवन वाहिनी एंबुलेंस सेवा, मरीजों की जान को खतरा

*मरीजों की जान पर खतरा: आपातकालीन सेवाओं के दौरान गाड़ियां बीच रास्ते में बंद हो जाती हैं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ती है*

## सड़कों पर फिर भी दौड़ रही हैं गाड़ियां, अस्पताल प्रबंधन नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम हिस्सा मानी जाने वाली जीवन वाहिनी एंबुलेंसें अब खुद मरीजों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के बेड़े में शामिल 27 एंबुलेंस में से 11 गाड़ियां ऐसी हैं जो निर्धारित समय अवधि से अधिक समय से चल रही है। इनमें अधिकांश एंबुलेंस 2018 और 2019 मॉडल की हैं, जो अब काफी जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है। जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पत्राचार व मौखिक तौर से अवगत करवाने की बात कही जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार, इन एंबुलेंसों की तकनीकी स्थिति लगातार बिगड़ रही है और वे बार-बार खराब हो रही है। कई बार आपातकालीन सेवाओं के दौरान गाड़ियां बीच रास्ते में बंद हो जाती हैं, जिससे न केवल मरीजों की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि विभाग को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इनकी लगातार मरम्मत पर भारी खर्च हो रहा है, लेकिन फिर भी गाड़ियों की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा। वहीं नियमों के अनुसार, जीवन वाहिनी एंबुलेंस को निर्धारित अवधि के बाद बदलना जरूरी है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और समय पर सेवाएं मिल सकें। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस नियम को दरकिनार कर रहा है। नई एंबुलेंसों को बेड़े में शामिल करने की बजाय पुरानी गाड़ियों को ही चलाया जा रहा है। इससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। मामले को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि एंबुलेंस जैसी महत्वपूर्ण सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। कई बार देखा गया है कि गाड़ी खराब होने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती है, जिससे गंभीर मामलों में मरीज की जान भी जा सकती है।




- **जर्जर एंबुलेंसें:** जिले की 27 जीवन वाहिनी एंबुलेंसों में से 11 निर्धारित समय अवधि से अधिक चल रही हैं, जिनमें अधिकतर 2018–19 मॉडल की हैं
- **आर्थिक नुकसान:** बार-बार की मरम्मत पर भारी खर्च हो रहा है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा

**सोनीपत।** एसएनपी आपातकालीन कक्ष के बाहर खड़ी गाड़ी का फाइल फोटो।

#### जरूरत

- **नई गाड़ियों की जरूरत:** नई एंबुलेंसें शामिल करने की बजाय पुरानी गाड़ियां ही चल रही हैं, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

#### कोरोना काल के बाद ज्यादातर एंबुलेंस कड़म हालत में पहुंची

जिले में विभाग के बेड़े में शामिल एंबुलेंस कोरोना काल के दौरान कैमिकल का छिड़काव करने व अन्य कारणों के चलते कड़म हालत में पहुंच चुकी है। साथ ही गर्मी के चलते गाड़ियों में तकनीकी खराबी आने लगी है। एंबुलेंस संचालन टीम का कहना है कि पिछले काफी समय से एंबुलेंस की कमी बनी हुई है। रेफर होने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा है, जबकि एंबुलेंस कम है। अक्सर मरीजों को पहले भेजने को लेकर बहस होती है। अस्पताल की अधिकतर एंबुलेंस पुरानी हो चुकी है, इस वजह से गर्मी में ये जवाब दे जाती है। कई एंबुलेंस में एसी की भी दिक्कत है।

#### *लगातार गाड़ियों में आ रही शिकायत*

*बेड़े में शामिल गाड़ियों में काफी गाड़ियों की हालत खराब हो चुकी है। बार-बाद उनमें सर्विस करवाने व पार्ट खराब की शिकायतें आ रही है। गाड़ियों पर विभागीय खर्च भी बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। लोगों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य किया जा रहा है।*
***-डा. मंजीत राठी, रेफरल ट्रासपोर्ट अधिकारी सोनीपत।***

# संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत, कैंसर से पीड़ित था

### पुलिस को जहर देकर मारने की मिली सूचना, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया



**सोनीपत।** परिजनों से बातचीत करते हुए पुलिस कर्मी।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगा मौत के सही कारणों का खुलासा, पुलिस मामले की जांच में जुटी
- शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा, विसरा रिपोर्ट में होगा मौत के सही कारणों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत हो गई। किसी ने पुलिस के पास कॉल कर व्यक्ति को जहर देकर मारने की सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक के परिजनों ने कॉलर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने विसरा सैंपल लिया है। जिसमें मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव चौहान–जौशी निवासी राजे कुमार करीब नौ माह से कैंसर बीमारी से ग्रस्त चल रहा था। हाल में उसका उपचार दिलली के एएमस में चल रहा था। सोमवार को उसकी मौत हो गई। किसी ने पुलिस को कॉल करके उसे जहर देने की सूचना दे दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां परिजनों व पुलिस के बीच काफी बहस हुई।

#### सैंपल को लैब भेजेंगे

बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने विसरा सैंपल जांच के लिए लिया है। जिसे लैब में भेजा जायेगा। रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं मृतक के भाई बाली ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि पूरे गांव को उसके भाई की बीमारी का पता था। किसी ने जान बुझकर उन्हें बदनाम करने व परेशान करने के लिए कॉल कर पुलिस को गलत सूचना दी है। इस संबंध में कॉलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग मृतक के परिजनों ने की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले में इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। विसरा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जिसमें मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## ईशापुर खेड़ी में ट्रक चालक की चाकू गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव ईशापुर खेड़ी में ट्रक चालक की पड़ोसियों ने चाकू से वार करके हत्या कर दी। गली में बाइक खड़ी करने पर विवाद हुआ, जो शुरूआत में निपट गया था। बाद में ट्रक चालक बाइक को घर के अंदर खड़ी करने लगा तो घात लगाकर बैठे पड़ोसियों ने उस पर हमला कर दिया। स्वजन उसे नागरिक अस्पताल लेकर आए तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को नागरिक अस्पताल से शव को भगत फूल सिंह राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया।बरोदा थाना में तीन के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। गांव ईशापुर खेड़ी के पवन ने बताया कि उसका बड़ा भाई पंकज 30 वर्ष का है। पंकज ट्रक चालक का काम करता था और पवन के साथ ही रहता था।

#### गली विवाद में हमला

रविवार रात लगभग 11 बजे पंकज घर के बाहर गली में बाइक खड़ी करने लगा। उस समय पड़ोस के विकास उर्फ बिट्टू, उसके भाई प्रदीप और उनके पिता राज सिंह के साथ गली में बाइक खड़ी करने को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में मामला शांत हो गया और सभी अपने-अपने घरों के अंदर चले गए। रात लगभग 12:30 बजे पंकज गली में खड़ी बाइक को घर के अंदर खड़ी करने के लिए बाहर निकला। जैसे ही वह बाइक को अंदर करने लगा तो घात लगाकर बैठे प्रदीप व राज सिंह ने पंकज को पकड़ लिया। इसे बाद विकास ने उस पर चाकू से पेट व छाती में तीन वार किए। पंकज ने शोर मचाया तो तीनों वहां से भाग गए।

## ई रिक्शा में अज्ञात बाइक की टक्कर चालक की हुई मौत

**गन्नौर।** सोनीपत- गन्नौर मार्ग पर गांव राजपुर के पास ई रिक्शा में अज्ञात मोटरसाईकिल चालक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा पलटने के कारण चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए उपमंडल अस्पताल मे दाखिल करवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक मेडीकल रेफर कर दिया। तीन दिन बाद ई रिक्शा चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जांच अधिकारी बलगान्द ने बताया कि सहरावत ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अज्ञात मोटरसाईकिल की टक्कर से घायल ई रिक्शा चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात मोटरसाईकिल के खिलाफ परिजनों के ब्यान पर मामला दर्ज कर दिया है।

## धान खरीद में नहीं होने देंगे कोई परेशानी : डॉ. अरविंद

- गोहाना अनाज मंडी में धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में धान खरीद की प्रक्रिया में किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी खरीद प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। सहकारिता मंत्री ने संबंधित आला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मंडी पर एक एचसीएस अधिकारी नोडल अधिकारी के तौर पर काम करेगा ताकि दाने-दाने की खरीद बेहतर तरीके से सुनिश्चित हो सके।

सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया और ढेरियों पर जाकर धान की नमी की जांच की। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार धान खरीद को लेकर पूरी सतर्क है।

खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों की विशेष तौर पर अलग-अलग मंडी पर ड्यूटी लगाई है, ताकि वहां पर किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना किसानों को न करना पड़े। पीआर धान को 2398 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी पर खरीद की जा रही है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की मंडी प्रदेश की बड़ी मंडियों में से है, जहां अब तक 2500 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। मंडी में किसानों के लिए अटल किसान कैंटीन का सुचारू संचालन व मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए किसान हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस अवसर पर मार्किट कमेटी गोहाना प्रधान कृष्ण सैनी, मंडी प्रधान श्यामलाल वशिष्ठ, रामधारी जिंदल, सुरेन्द्र गर्ग, गौरव गौतम, रामभगत फौजी व राममेहर रोहिल्ला उपस्थित रहे।



**गोहाना।** मंडी में धान की खरीद का जायजा लेते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

#### योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं युवा

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भाज्युमो गोहाना जिलाध्यक्ष सत्यवान दुभेटा द्वारा उनके कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा के तहत लगाए गए रक्तदान शिविर में पहुंचे तथा युवा रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उनके जनसेवा के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं और सेवाओं से आमजन के जीवन में सरलता आई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि हर जरूरतमंद, वंचित को सामाजिक, आर्थिक उत्थान सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, सन्दीप मलिक, गोविंद कुहाड़, विनोद बैरागी, नरेश शर्मा, सचिन, अनिल खेड़ी व सत्यवान आर्य उपस्थित रहे।

## देर शाम सड़क हादसे में चुलकाना निवासी युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रविवार देर शाम सड़क हादसे में गांव चुलकाना निवासी युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही व तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गांव चुलकाना निवासी बरमल की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई रविन्द्र पुत्र बीर सिंह अपने साथियों अशोक पुत्र बलवान और विक्रम पुत्र ओम के साथ मोटरसाइकिल पर कहीं जा रहा था। गन्नौर के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर- ट्राली ने तेज गति व फलत-लापरवाही से मोटरसाइकिल को साइड से टक्कर मार दी।

#### जांच जारी

टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल पर सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे में रविन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अशोक और विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के भाई बरमल की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना गन्नौर प्रभारी ने बताया कि आरोपी चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही

### स्वास्थ्य विभाग सक्रियः नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

# डेंगू के मामले बढ़े, 63 पर पहुंचा बुखार ग्रस्त मरीजों का आकड़ा

- एक मरीज की हालत गंभीर होने के चलते अस्पताल में करवाया गया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक जिले में 63 डेंगू मरीज सामने आ चुके हैं। इसके अलावा 14 मरीज मलेरिया और तीन मरीज चिकनगुनिया से पीड़ित पाए गए हैं। डेंगू से पीड़ित एक मरीज की हालत गंभीर होने पर उसे जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल मरीज की स्थिति स्थिर है। विभाग की तरफ से संदिग्ध स्थानों पर फॉगिंग करवाई जा रही है। ताकि बढ़ते मामलों पर नियंत्रण किया जा सके।

बता दें कि जिले में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में जांच और रोकथाम अभियान तेज कर दिया है। जिले में 166 टीमों को सक्रिय कर फील्ड में भेजा गया है। ये टीमें घर-घर जाकर लोगों की जांच कर रही हैं और उन्हें डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक कर रही हैं। विशेष रूप से मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने और पानी जमा न होने देने पर जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द या प्लेटलेट्स की संख्या घटने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं। समय पर उपचार मिलने से डेंगू पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। इसके साथ ही नगर निगम को विशेष सफाई अभियान और फागिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। विभाग ने पानी की टंकियों, कूलरों और गमलों में पानी जमा न करने और घरों व आसपास की सफाई नियमित रूप से करने पर भी जोर दिया है।





**सोनीपत।** डेंगू वार्ड में भर्ती मरीज व फोगिंग करते हुए कर्मचारी।

**डेंगू मरीज**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बढ़खालसा | 9 | फिरोजपुर बांगड़ | 6 |
| जुआं | 5 | पुरखास | 2 |
| खरखौदा | 1 | गोहाना | 5 |
| मुडलाना | 2 | सोनीपत शहर | 19 |
| हलालपुर | 5 | भैंसवाल कलां | 3 |
| गन्नौर | 6 | | |

#### नागरिकों से घबराने की आवश्यकता नहीं


विभाग की टीमें लगातार काम कर रही हैं और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने नागरिकों से घबराने की आवश्यकता नहीं बताते हुए कहा कि सतर्क रहकर और समय पर उपचार लेकर डेंगू पर आसानी से काबू पाया जा सकता है।
**-डा. आशा सहरावत जिला डेंगू व मलेरिया अधिकारी।**





विशेष: विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



# समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भाव:** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।



## सम्मान और मर्यादित बर्ताव

**रावण के** अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।

**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेश:** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।

**स्त्रियों का साथ दे समाज:** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए।




# बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।


परवरिश

सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-

**कहानी के माध्यम से बताएं:** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।



**दशहरे का मतलब समझाएं:** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।

**बुराइयां खत्म करने के तरीके:** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे।

फिटनेस फंडा

सोनल पंवार

इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इंस्पेक्टर मलिका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार न सिर्फ एक्टिंग में माहिर हैं, बल्कि फिटनेस के मामले में भी पूरी तरह से डिसिप्लिन में रहती हैं। इसके लिए वह क्या करती हैं, सहेली को सोनल बता रही हैं अपनी जुबानी।


# जरूरी है वर्कआउट मेंटल वेलनेस में बैलेंस

मेरा मानना है कि एक एक्ट्रेस के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही नहीं, बल्कि अंदर से एनर्जेटिक और पॉजिटिव रहना भी बहुत जरूरी है।

इसके लिए मैं डेली वर्कआउट और अपनी डाइट पर फोकस करती हूं। हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टाइम निकालना मेरे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इससे मेरी मेंटल हेल्थ भी सही रहती है।

**फिटनेस है जरूरी:** मेरे विचार में अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस मुझे पॉजिटिव सोच, कॉन्फिडेंस और जीवन का पूरा आनंद लेने की शक्ति देता है। लंबी शूटिंग और एक्शन सींस के दौरान एनर्जी बनाए रखना तभी मुमकिन है, जब आपकी बॉडी स्ट्रॉन्ग हो।

**फिटनेस आइडियल:** मेरा फिटनेस आइडियल मेरे पापा और भाई हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड से हैं। बचपन से ही मैंने उन्हें फिटनेस, अनुशासन और समय की पाबंदी के साथ रहते देखा है। उनका रूटीन और डेडिकेशन मुझे हमेशा मोटिवेट करता है। वो चाहे किसी भी कंडीशन में हों, उनका सेल्फ कंट्रोल और एनर्जी लेवल कमाल का होता है। मेरे लिए वही असली रोल मॉडल हैं।



**हेल्दी-एनर्जेटिक होना जरूरी:** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा इंपॉर्टेंट है खुद को हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक महसूस करना। कैमरे पर तो मेकअप मदद कर देता है, लेकिन स्टेमिना और फुर्ती सिर्फ संतुलित आहार और ट्रेनिंग से आती है। जब आप अंदर से हेल्दी रहते हैं तो सेल्फ कॉन्फिडेंस अपने आप चेहरे पर झलकने लगता है।



**डाइट प्लान:** मैं दिन की शुरुआत भीगे हुए बादाम खाने से करती हूं। नाश्ते में आमतौर पर ऑमलेट-ब्रेड या ओट्स लेती हूं। मेरे लंच में चावल, दाल, हरी-सब्जी और सलाद शामिल होता है। रात का खाना हल्का लेती हूं, जैसे- रोटी, ग्रिल्ड पनीर, सूप या खिचड़ी। साथ ही दिनभर में ढाई-तीन लीटर पानी पीती हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मैं हफ्ते में चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और दो दिन कार्डियो करती हूं। सेशन से पहले 15 मिनट की डायनेमिक स्ट्रेचिंग जरूर करती हूं। रोज 20 मिनट कुछ योगासन और प्राणायाम कर लेती हूं। शूट वाले दिन अगर जिम नहीं जा पाती तो सेट पर ही 10,000 स्टेप्स वॉक और रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट कर लेती हूं।

**इन्हें भी करती हूं फॉलो:** वीक में एक दिन इंटरमिटेंट फास्टिंग रखती हूं, जिससे शरीर डिटॉक्स हो। अकसर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से फ्लोर चढ़ती-उतरती हूं। आउटडोर सीन के बीच-बीच में स्क्वैट्स या प्लैंक्स कर लेती हूं। डांस वर्कशॉप्स भी जॉइन करती रहती हूं, क्योंकि म्यूजिक के साथ डांस तन-मन दोनों को तरोताजा कर देता है।

**मेंटली फिट:** मैं मेंटली फिट रहने के लिए दिन में कम से कम दस मिनट तक ध्यान करती हूं और शूट से पहले पांच गहरी सांसें लेकर माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करती हूं। सोशल मीडिया ब्रेक और किताबें पढ़ना मेरे दिमाग को आराम देते हैं। परिवार के साथ समय बिताना भी मेरे लिए थेरेपी की तरह है।

**ग्लो पाने के लिए योगाभ्यास:** चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए रोजाना कपालभाती, भ्रामरी और फेस योगा करती हूं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है। डेली पूरी नींद लेती हूं, क्योंकि अच्छी नींद से फेस ग्लो करता है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।



**सफेद बाल:** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है।

दायित्व

यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

# परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग

परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।



**अपनों के साथ को तरसते:** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।

**बदलती जीवनशैली का प्रभाव:** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरण:** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्व:** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।'

## समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 36 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**गोहाना।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार के निर्देश पर गांव माहरा में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 36 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश दुग्गल ने कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है।

### कांग्रेस नेता जगशेर नूरनखेड़ा प्रदेश सचिव नियुक्त

**गोहाना।** जगशेर नूरनखेड़ा को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी हाईकमान द्वारा उनको यह जिम्मेवारी उनकी अपने कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठा के चलते सौंपी गई है।

### छात्राओं ने वर्ल्ड फूड इंडिया का किया दौरा

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के भोजन एवं पोषण विभाग के प्राध्यापकों व छात्राओं ने वर्ल्ड फूड इंडिया: 2025 का शैक्षणिक दौरा किया। यह आयोजन भारत मंडपम नई दिल्ली में हुआ। दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो. बीनू तंवर ने किया। उनके साथ विभाग के पीएचडी शोधार्थी एवं एमएससी की छात्राएं भी गए।

### वैल्यू एजुकेशन छात्रों को बनाता है जिम्मेदार

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से वैल्यू एजुकेशन (मूल्य शिक्षा) विषय पर वर्कशॉप का विशेष आयोजन किया गया ,जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 58 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों को मूल्य आधारित शिक्षा की अवधारणा से जोड़ना और विद्यार्थियों में नैतिक और सामाजिक मूल्यों के विकास के लिए शिक्षण पद्धतियों को सशक्त बनाना था।

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन जरूरी

**खरखौदा।** मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जय सिंह नैन व कर्नल संत कुमार तहलान ने प्रताप विद्यालय खरखौदा का दौरा किया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया व अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

### कलियुग का युग धर्म हरिनाम : गोस्वामी

**खरखौदा।** श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा में कथावाचक श्रील भक्ति प्रसाद विष्णु गोस्वामी महाराज ने भक्तों को भागवत के प्राकट्य की कथा सुनाई। उन्होंने नारद जी के पूर्व जन्म की कथा प्रसंग, परीक्षित जी का जन्म, भीष्म स्तुति और हरिनाम की महिमा के बारे में बताया।

### मुरथल में पुलिस आयुक्त ने किया जनसंवाद

**सोनीपत।** थाना मुरथल परिसर में रविवार को पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह, आईपीएस व एडीजीपी की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 स्थानीय नागरिक शामिल हुए। जनसंवाद के दौरान पुलिस आयुक्त ने उपस्थित लोगों की समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

### स्वयंसेविकाओं ने बाल ग्राम में लगाया शिविर

**सोनीपत।** उन्नत भारत अभियान के तहत जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनएसएस इकाई ने बाल ग्राम राई में एक दिवसीय शिविर का आयोजन करते हुए कपड़ों के साथ खाद्य पदार्थों का वितरण किया। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने स्वयंसेविकाओं के इस प्रयास की प्रशंसा की। कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने बाल ग्राम राई का दौरा किया।

---

#### लघु सचिवालय में हुई जिलास्तरीय कार्यक्रम

# वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सीएम ने लागू की चार योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजस्व विभाग की चार योजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने लाडवा विधानसभा की सब-तहसील बाबैन से विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हरियाणा के सभी जिला में पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सऐप चैटबोट तथा राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया ताकि लोगों को और अधिक सहूलियत मिल सके।

- योजनाओं का सोनीपत में भी किया शुभारंभ

इस दौरान जिला स्तर पर लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान और देवेंद्र कादियान भी मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने कहा कि राजस्व विभाग में हुए डिजीटलीकरण से लोगों को बिना भ्रष्टाचार के पारदर्शी व सरलता के साथ योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज शुरू की गई पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली के माध्यम से हरियाणा सरकार ने भ्रष्टाचार की जड़ों पर सीधा प्रहार किया है। इस पहल से रजिस्ट्री डिजीटल होगी और मानव हस्तक्षेप कम होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी इस पहल से लोगों को समय की बचत होगी उन्हें लाईनों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा।

वहीं विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली के शुरू होने से लोगों को रजिस्ट्री करवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी। इस योजना के शुरू होने से लोग अब घर बैठे अपने मोबाईल के माध्यम से रजिस्ट्री से संबंधित सभी आकड़े भरकर मोबाईल से ही रजिस्ट्री के लिए समय बुक कर पाएंगे, इसके बाद संबंधित अधिकारी इन दस्तावेजों को चैक कर आवेदनकार्ता को फोटो के लिए बुलाएं और आसानी से उसकी रजिस्ट्री हो जाएगी।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक एवं अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि आज सरकार द्वारा जो योजनाएं शुरू की गई है सभी राजस्व अधिकारी इन योजनाओं को धरातल पर तुरंत लागू करें, ताकि लोगों को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। इससे पूर्व सभी गणमान्य व्यक्तियों ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौक पर भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक, प्रदीप सांगवान, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल, डीआरओ सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# पुलिसकर्मियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर वर्कशॉप की आयोजित

वर्कशॉप में मौजूद पुलिस कर्मी व अन्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को हैबीटेट क्लब सोनीपत में रैडक्रॉस शाखा द्वारा पुलिसकर्मियों के लिए एक उन्नत प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण में सीडीआई के उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह, पुलिस फार्मेसी ऑफिसर देवेंद्र सिंह और अन्य अधिकारियों सहित 50 से अधिक यातायात पुलिसकर्मी शामिल हुए। कार्यशाला का संचालन संजय कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, और नीरज, फर्स्ट एड लेक्चरर ने किया। उच्च तकनीक प्रोजेक्टर के माध्यम से पुलिसकर्मियों को प्राथमिक सहायता, ट्रॉमा केयर, रक्तस्राव नियंत्रण, वायुमार्ग प्रबंधन, सीपीआर और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल के बारे में व्यावहारिक और परिदृश्य-आधारित प्रशिक्षण दिया गया।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों की मदद करना रहा**

*इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए बुनियादी और उन्नत प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षित करना था, क्योंकि वे अक्सर पहले प्रतिक्रियाकर्ता होते हैं और समय पर दी गई प्राथमिक देखभाल जीवन और मृत्यु के बीच अंतर कर सकती है। प्रशिक्षण में फ्रैक्चर को स्थिर करना, सदमे का प्रबंधन करना और सिर व रीढ़ की हड्डी की चोटों में सावधानी बरतना भी शामिल था। पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने और घायल व्यक्ति की स्थिति को स्थिर बनाए रखने की सलाह दी गई।*

### विधायक ने किया दिल्ली मार्ग के नवीनीकरण का शुभारंभ

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर खरखौदा बाईपास से केएमपी एक्सप्रेस वे तक सड़क मार्ग के नवीनीकरण का शुभारंभ विधायक पवन खरखौदा ने नारियल तोड़कर किया। मार्ग के नवीनीकरण पर करीब 7 करोड रुपए का खर्च आएगा। पिछले कई वर्षों से यह मार्ग खस्ता हाल हो चुका है। जिस पर घंटों यातायात अवरूद्ध होना आम बात हो गई थी। इतना ही नहीं मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से सड़क दुर्घटनाएं भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही थी। जिससे वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़



### 36वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी छाए

**गोहाना।** 36वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में गीता विद्या मंदिर गोहाना के खिलाडिय़ों ने अपनी खेल प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। सोमवार को विजेताओं को प्राचार्य अश्विनी कुमार ने सम्मानित किया। पंजाब के नाभा में दयानंद पब्लिक स्कूल में 26 से 28 सितंबर तक उक्त खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। खेलों में 400 मीटर दौड़ में अंशुल प्रथम और 800 मीटर बाधा दौड़ में दीक्षा प्रथम रही।

---

### लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर किया हमला

**सोनीपत।** नागरिक अधिकार मंच जिला सोनीपत की बैठक रविवार को छोटूराम धर्मशाला में हुई, जिसकी अध्यक्षता श्रद्धानंद सोलंकी और संचालन एडवोकेट कपिल देव ने किया। बैठक में श्रद्धानंद सोलंकी, कपिल देव, आनंद शर्मा, भगत सिंह, राजकुमार राणा, मेहर सिंह, शिवा और विमल किशोर शामिल रहे। वक्ताओं ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को दबाने के लिए केंद्र सरकार ने दमनकारी कदम उठाए हैं। यह लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। उन्होंने सोनम वांगचुक की तत्काल रिहाई, सभी मुकदमों की वापसी और आंदोलन की जायज मांगों को मानने की अपील की।

## खिलाड़ियों को वितरित की स्वच्छता किट

**सोनीपत।** प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन के औद्योगिक क्षेत्र स्थित घास के मैदान में सोमवार को भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा क्लीनलिनेस एंड हाइजीन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा खिलाड़ियों को स्वच्छता किट वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बीपीसीएल के सीनियर मैनेजर एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अजय सरोहा उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अतिथियों संग वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट शंघाई ईबेमहल और एसएआई कोच प्रखर पटेल विशिष्ट अतिथि रहे। फाउंडेशन की प्रधान द्रोणाचार्य एवं अर्जुन अवॉर्डी प्रीतम सिवाच ने भी समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता रैली भी निकाली गई और सभी खिलाड़ियों को स्वच्छता किट प्रदान की गई।

- युवा खिलाड़ियों को वितरित की गई स्वच्छता किट



औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैदान पर पौधारोपण करती खिलाड़ी एवं अन्य।

**250 खिलाड़ी हुए शामिल**

भारत पेट्रोलियम पिछले दो वर्षों से यह आयोजन करता आ रहा है। इसके तहत पहले भी बच्चों को हाइजीन और स्पोर्ट्स किट दी गई थी तथा वाटर कूलर लगवाए गए थे। इस वर्ष बीपीसीएल ने युवा खिलाड़ियों के लिए वॉशरूम और चेंजिंग रूम का निर्माण कराकर सुविधा उपलब्ध कराई है। कार्यक्रम में लगभग 250 खिलाड़ी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन की ओर से कुलदीप सिवाच, मास्टर प्रेम सिंह दहिया, मास्टर नाहर सिंह, नरेंद्र लौहट, प्रेम प्रकाश और रमेश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर, 573 से अधिक लोगों को मिला लाभ

**सोनीपत।** सेवा पखवाड़ा व स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयुष विभाग सोनीपत की ओर से जिले के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन शिविरों का संचालन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह के दिशा-निर्देशन में किया गया। जिला कारागार सोनीपत में लगाए गए शिविर में 239 कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान डा. तेजेन्द्र खोखर और डा. सन्नी ने कैदियों को चिकित्सा सेवाएं दीं। फार्मासिस्ट सुजीत सिंह और संदीप शर्मा ने दवाइयां वितरित कीं, जबकि योग सहायक पवन व दुर्गेश ने योग चिकित्सा और योगासन के महत्व की जानकारी दी।

#### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया शिविर

## 110 मरीजों के नेत्रों की जांच, जागरूक रहें लोग

**सोनीपत।** महात्मा आशानंद वधवा हिंदू मंच एवं जिला अंधता निवारण समिति सोनीपत के तत्वाधान में आंखों का 263वां निःशुल्क शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुरथल रोड पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान हरिचंद स्नेही ने की। शिविर का शुभारंभ आचार्य रामधारी के ब्रहत्व में यज्ञ-हवन से हुआ, जिसका आरंभ ऋषिपाल भदाना ने किया। उन्होंने कहा कि सभी बीमारियां प्रकृति से आती हैं और उनका समाधान भी प्रकृति में है। आज इंटरनेट, मोबाइल, एलईडी, टीवी और कंप्यूटर के बढ़ते उपयोग का सबसे अधिक असर आंखों पर पड़ रहा है, जिसे बचाने के लिए जागरूक रहना जरूरी है। शिविर में नागरिक अस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुशील मानकटालिया ने 110 ओपीडी रोगियों की आंखों की जांच की। तकनीकी सहायक प्रवेश कुमार ने 75 रक्तचाप रोगियों के केस दर्ज किए और नीतू कुमारी ने 70 शुगर रोगियों का रिकॉर्ड बनाया।


शिविर में आंखों की जांच करते हुए।

---

## डॉ. प्रदीप अध्यक्ष व डॉ. भूपेश यादव महासचिव निर्वाचित


**सोनीपत।** बैठक के उपरांत एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**सोनीपत।** हरियाणा के गवर्नमेंट एडीड कॉलेज शिक्षकों की प्रतिष्ठित संस्था कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक मुरथल स्थित एक ढाबा पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. विकास चाहर ने की। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कॉलेज शिक्षक उपस्थित रहे, जिससे सभा को राज्य-स्तरीय प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ। सभा के प्रारंभ में डॉ. विकास चाहर ने उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों तथा वित्तीय विवरण को साझा किया। उन्होंने शिक्षकों की पदोन्नति, सेवा शर्तों में पारदर्शिता, और राज्य सरकार के समक्ष विभिन्न मुद्दों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण जैसे विषयों पर किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नई गवर्निंग बॉडी के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया को आरंभ करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

- कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन, हरियाणा की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन

### 53 सदस्यों का मनाया जन्मदिन, 14 को किया सम्मानित

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में सरस्वती सीनियर सेकेंडरी शिक्षा संस्थान (एस-7) के सभागार में जन्म दिवस एवं अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। विद्यालय के छात्रों ने प्रभु भजनों की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में परिषद के सदस्य हरज्ञान सिंह, रामकिशन बत्रा, रामफल वर्मा, मनोहर लाल, राजेश धवन, शील अरोड़ा, निर्मल हंस, डॉ. कमलेश मलिक आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस अवसर पर अगस्त और सितंबर माह में जन्मदिन वाले 53 सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

#### सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज गन्नौर में हुआ सेमिनार

## व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सतर्क रहना बेहद आवश्यक : पुलिस आयुक्त

- डिजिटल युग में साइबर आपराध लगातर बढ़ रहा

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज, गन्नौर में सोमवार को साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा सेमिनारग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोनीपत पुलिस आयुक्त ममता सिंह, आईपीएस (एडीजीपी) रहीं। कालेज पहुंचने पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह का स्कूल के प्राचार्य डा. मनोज ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है।


दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारम्भ करते पुलिस आयुक्त ममता सिंह ( एडीजीपी)साथ मे डीसीपी प्रबीना पी व अन्य।

**अनजान कॉल, लिंक और मैसेज पर भरोसा न करें**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि अनजान व्यक्तियों से आई कॉल, लिंक और मैसेज पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत शिकायत पुलिस हेल्पलाइन पर दर्ज कराएँ। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। डीसीपी प्रबीना पी ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 1930 या 112 पर किसी भी गतिविधियों की जानकारी देने को कहा। कॉलेज प्राचार्य मनोज ने कहा कि युवा पीढ़ी को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सुरक्षा के प्रति सजग होना भी जरूरी है।

### आत्मानंद महाराज की जयंती मनाई जाएगी रोहतक में

**सोनीपत।** स्वामी आत्मानंद हरियाणा अनुसूचित जाति शिक्षा समिति के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं शिक्षक स्वामी आत्मानंद महाराज की जयंती 1 अक्टूबर 2025 को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगरा और राजस्थान के विधायक बाबा बालक नाथ मौजूद रहेंगे। इसके अलावा हरियाणा सरकार में पूर्व में ओएसडी रहे और वर्तमान में सूचना आयुक्त अमरजीत सोलंकी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जयंती समारोह की तैयारी को लेकर जुआं गांव की धानक चौपाल में बैठक आयोजित हुई, जिसकी व्यवस्था जुआं कबीर समिति ने की। बैठक में महिंदर सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष ने उपस्थित 10–12 गांवों के प्रतिनिधियों को समारोह की जानकारी दी और सामूहिक रूप से अपने वाहनों से शामिल होने का आग्रह किया।

- समारोह की तैयारियों को लेकर जुआं कबीर समिति द्वारा जुआं गांव में हुई बैठक

---

**विकास** | वंदेभारत ट्रेन की चपेट में दुपहिया वाहन आने के बाद उठाया कठोर कदम

लोगों की फाटक के खुलने की उम्मीद भी हुई खत्म

# अगवानपुर रेलवे फाटक पर ट्रैक के बीच टाइलों को भी उखाड़ा, अब अंडरपास से रास्ता बनाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लंबे समय से बंद पड़ी अगवानपुर रेलवे पर पिछल्ले दिनों दुपहिया वाहन का हादसा होने के बाद रेलवे ने सख्त कार्रवाई करते हुए फाटक को स्थाई रूप से बंद कर दिया है। अब रेलवे ट्रैक के अन्दर वाहनों के आवागमन के लिए बने रास्ते को भी रेलवे कर्मचारियों ने उखाड़ दिया। वहीं लोगों को उम्मीद थी कि लंबे समय से रेलवे फ्लाई ओवर निर्माण के कारण बंद पड़ी अगवानपुर रेलवे फाटक खुलेगी और आवागमन में परेशानी नहीं होगी। लेकिन अब रेलवे ने फाटक पर ट्रैक के अन्दर रास्ते को भी उखाड़ दिया है। अब फाटक के खुलने की भी उम्मीद खत्म हो गई है। गौरतलब है कि अगवानपुर रेलवे फाटक को लंबे समय से अगवानपुर रोड रेलवे फ्लाई ओवर के निर्माण के कारण फाटक को बंद कर दिया था।



**गन्नौर।** फाटक पर रेलवे ट्रैक के बीच बनाए रास्ते को उखाड़ते रेलवे कर्मी व अंडरपास में वाहनों के गुजरने का रास्ता बनाती जेसीबी।

**अंडरपास के नीचे से बनाया रास्ता**

रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य व कष्ट निवारण समिति सदस्य त्रिलोक चंद शर्मा ने रेलवे के अधिकारियों से फाटक बंद होने के कारण आवागमन का रास्ता बिल्कुल बंद होने के कारण अंडरपास से अस्थाई आवागमन की व्यवस्था की मांग की। उसके बाद सोमवार को रेलवे के निर्माण विभाग के अधिकारी पहुंचे और अंडरपास के नीचे से अस्थाई आवागमन का रास्ता बनवाने का काम शुरू करवाया।

**रास्ता न होने से अवैध रूप से करते थे क्रासिंग**

फाटक के बंद होने के कारण आवागमन का रास्ता बिल्कुल बंद होने से दुपहिया वाहन चालक अवैध रूप से बंद पड़ी फाटक को क्रास करते थे। इसी कारण दुपहिया चालक वंदे भारत ट्रैन की चपेट में आने से बचाव के लिए अपने दुपहिया वाहन को ट्रैन के आगे ही छोड़कर भाग गया था। उसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

**NOTICE**

I, Madan Singh Chauhan S/o Sh. Partap Singh R/o House no-244/23, Chauhan Hospital Kath Mandi, Sonipat-131001 declare that I have changed my name from Madan Singh to Mandan Singh Chauhan for all future purposes.


गोहाना। विनोद कुमार को ट्राफी प्रदान करके सम्मानित करते हुए मिल के अधिकारी।

## राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में इंडिया ग्रीन टीम ने मारी बाजी

**गोहाना।** हैदराबाद में सम्पन्न डिसएबल्ड चैलेंजर सीरीज : 2025 में इंडिया ग्रीन टीम विजेता बनी। इस टीम में गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल के कर्मचारी विनोद कुमार पुत्र रामकंवार ने 5 विकेट झटक लिए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इंडिया ग्रीन टीम विजेता बनी। सोमवार को खिलाड़ी विनोद कुमार को मिल में सम्मानित किया गया।

डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन हैदराबाद द्वारा 21 से 23 सितंबर तक उक्त राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट श्रंखला के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ी विनोद कुमार का प्रदर्शन सराहनीय रहा। उन्होंने 3 ओवर में 23 रन देकर तीन अहम विकेट प्राप्त किए। प्रतियोगिता में विनोद कुमार ने कुल 5 विकेट प्राप्त किए। उनके इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर इंडिया ग्रीन टीम ने प्रतियोगिता की ट्राफी अपने नाम कर ली। सोमवार को चीनी मिल की एमडी अंकिता वर्मा, सीएओ जितेंद्र शर्मा, चीफ इंजीनियर अनिल चौहान, एलडब्ल्यूओ अनिल वर्मा, सीएमओ धर्मबीर काद्यान, क्रय अधिकारी संदीप नरवाल, क्लर्क अनिल वर्मा और सतीश कुमार ने खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


गन्नौर। जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते विधायक देवेन्द्र कादियान।

## जनता की समस्या का समाधान करवाना प्राथमिकता : कादियान

**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान ने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर हलके के लोगों की समस्या सुनी और अधिकारियों को समस्या समाधान के आदेश दिए। दरबार में बिजली, पानी व विकास कार्य करवाने व नीजि कामों का विधायक ने समाधान करवाया। विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि सरकारी अस्पताल अपग्रेड हो चुका है। और कॉलेज अभी भी स्कूल की बिल्डिंग में चल रहा है, जिससे छात्रों को भारी परेशानी हो रही है। इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने के बाद अब उन्होंने अस्पताल और कॉलेज बिल्डिंग बनाने के लिए एक नया प्रपोजल भेजा है। कॉलेज भवन का निर्माण जीटी रोड पर बड़ी गांव की जमीन में प्रस्तावित है, जबकि अस्पताल के लिए लल्हेड़ी गांव की पंचायत ने प्रस्ताव दिया है। विधायक ने कहा, शहर की मांग है गन्नौर को नगर पालिका से नगर परिषद का दर्जा मिले। इससे साथ लगती कुछ पंचायत भी नप में आएगी तो जमीन का दायरा बढ़ेगा और विकास को गति मिलेगी। इस मौके पर अधिकारीगण मौजूद थे।


सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक, मेयर साथ में अन्य।

## 1.79 करोड़ की लागत से वार्ड नं. 17 में किए जाएंगे विकास कार्य

**सोनीपत।** वार्ड नंबर 17 में 1 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया गया। विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने नारियल तोड़कर कार्य शुरू करवाया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 17 की विभिन्न कालोनियों जैसे राम नगर, दहिया कॉलोनी, मायापुरी ,शीशराम बाग में गलियों के टूटने और जल भराव की शिकायतें सामने आ रही थी। समस्या संज्ञान में आने के बाद उन्होंने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से टूटी हुई सभी गलियों को पक्का करने के निर्देश दिए थे और टेंडर प्रक्रिया शुरू करवाई थी। आज लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से वार्ड 17 की आधा दर्जन कालोनियों में गलियों के पुनर्निर्माण कार्य को शुरू किया गया है जो जल्द ही पूरा होगा। मेयर राजीव जैन ने कहा कि वार्ड 17 की कुछ कालोनियों में सीवरेज और पेयजल आपूर्ति हेतु नगर निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाई गई थी लेकिन उसके बाद गलियों की मरम्मत नहीं की गई थी, जिसके चलते लोगों को आवागमन में समस्या आ रही थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 ×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में राज्यमंत्री गौरव गौतम ने सुनीं समस्याएं

# सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ उठा रही सख्त कदम : राज्यमंत्री

*बैठक में 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 6 का मौके पर किया समाधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार किसी भी भ्रष्टाचार या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दिशा में शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। गौरव गौतम सोमवार को जिला परिषद हॉल में कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने 20 शिकायतों में से 16 शिकायतों को मौके पर ही समाधान किया और 04 शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समाधान अगली बैठक तक हो जाना चाहिए। बैठक के दौरान उनके समक्ष गांव बनवासा के कप्तान सिंह ने शिकायत दी कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके साथ धोखाधड़ी कर उनकी 16 कनाल 6 मरले जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली है, जिसपर कार्यवाही करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि इस मामले की गहनता से जांच की जाए और इस धोखाधड़ी में अगर कहीं भी पटवारी की संलिप्ता पाई जाती है तो उसे तुरंत निलंबित किया जाए।


सोनीपत। कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायत रखते हुए एक फरियादी।


सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद समिति सदस्य एवं अन्य।

### इन मामलों पर हुई सुनवाई

- *प्रियंका की शिकायत पर राज्यमंत्री ने डीईओ को निर्देश दिए कि संबंधित स्कूल प्रशासन को बुलाकर इस लड़की के मूल दस्तावेज इसको उपलब्ध करवाएं।*
- *गांव मदीना निवासी प्रीति ने शिकायत दी कि कुछ लोगों द्वारा उसके पति की हत्या कर दी गई थे और उनमें से कुछ लोग अब भी बाहर घूम रहे हैं और वे लोग उनके घर आकर समझौते के लिए उनको धमकी दे रहे है, जिसपर राज्यमंत्री ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए कि इस मामले की जांच किसी अन्य अधिकारी से करवाएं।*
- *धोखाधड़ी के अन्य मामले में महाबीर की शिकायत पर राज्यमंत्री ने दोबारा जांच करने के निर्देश दिए।*

### एक्स सर्विसमैन ने दी शिकायत

राज्यमंत्री ने बैठक में सेक्टर-12 निवासी जयपाल सिंह ने शिकायत दी कि सेक्टर-23 में डिफेंस के सदस्यों द्वारा नेशनल एक्स सर्विसमैन वैलफेयर सोसायटी बनाई गई थी और उनके नाम पर फ्लैटों की अलॉटमेंट की गई थी, लेकिन ये फ्लैट उनको देने की बजाय ऐसे लोगों के नाम किए गए जो इस इस सोसायटी के सदस्य भी नहीं है। इसपर कार्यवाही करते हुए राज्यमंत्री ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए कि इस मामले की जांच की जाए और दिस व्यक्ति ने गलत कार्य किया है उसके खिलाफ कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसके बाद एक अन्य मामले में भीम नगर सोनीपत निवासी कोमल की शिकायत पर राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिस व्यक्ति को इसने प्लॉट बेचा है उसे बुलाकर इसको पूरे पैसे दिलवाए जाएं। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक सहित सभी एसडीएम, एसीपी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### अवैध कब्जों की समस्याओं का रहा बोलबाला


सोनीपत। बैठक के दौरान मंचासीन मंत्री, विधायक एवं अधिकारीगण।

*राज्यमंत्री ने अवैध कब्जे को लेकर गांव आहुलाना के लोगों की शिकायत पर बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे स्वयं मौके मुआयना कर स्थिति की जांच करें। दिल्ली निवासी विजय बंसल ने शिकायत दी कि उसने वर्ष 2023 में गोहाना में जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री भी हो गई और इंतकाल भी लेकिन कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने उनकी इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। इस मामले में राज्यमंत्री ने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त कर अवैध कब्जा छुटवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा एक और मामले में करनाल निवासी सुमन सैनी ने शिकायत दी कि गोहाना में उसके परिवार की जमीन है जिसपर किसी व्यक्ति द्वारा नाजायज रास्ता बनाने के लिए मिटी डाली गई है। इस मामले की जांच करने के लिए राज्यमंत्री ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे इस जगह का मौके मुआयना करें। शिकायत पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन्होंने जो जमीन खरीद है उतनी जमीन पर इनको कब्जा दिलवाया जाए।*

## छात्रा खुशी व रोजी को बेहतर अंक लेने पर स्कूटी और टैब से किया सम्मानित

*गन्नौर। खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। छात्रों को देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी की ओर से कक्षा बाहरवीं की छात्रा खुशी ने बेहतर अंक प्राप्त करने पर स्कूटी व कक्षा दसवीं की छात्रा रोजी पुत्री दिनेश ने टैबलेट से सम्मान मिला। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल,उप प्रधानाचार्या मंजू सहरावत ने मेधावी छात्रों को शुभकामनाएँ दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञात रहे कि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए बीएसटी ग्राउंड में छठा और सातवां युवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा सोसायटी संस्थापक और विधायक देवेन्द्र कादियान रहे। प्रधानाचार्या पूजा पहल ने कहा उनकी कामयाबी से और भी बच्चे प्रेरित होंगे और भविष्य में अनेक उपलब्धियां विद्यालय के नाम होती रहेंगी।*


गन्नौर। स्कूल की छात्रा स्कूटी से सम्मानित होने के बाद अपने परिजनों के साथ।



## गाड़ी छीनने की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने युवक से गाड़ी छीनने की घटना को सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से छीनी गई कार भी बरामद कर ली। दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जिले की एसएयूजी यूनिट सेक्टर-7 के इंचार्ज निरीक्षक अजय कुमार ने टीम के साथ थाना मुरथल क्षेत्र में आरोपित राहुल और दीपक को पकड़ा।

## विधायक ने विकास कार्यों की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- 95 लाख की आएगी लागत, जलभराव से मुक्त होगा गन्नौर

वार्डों में जलभराव, टूटी गलियां और अधूरी सुविधाओं से परेशान लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को वार्ड 6 और 10 में 95 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जा रहा है और कॉलेज भवन व अस्पताल को प्राथमिकता में शामिल किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत नारियल फोड़कर की गई। पार्षदों और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से विधायक का स्वागत किया। कादियान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और सभी काम समय पर पूरे हों। वार्ड 6 में करीब 36 लाख रुपये की लागत से गली निर्माण व स्ट्रॉम वाटर लाइन का कार्य शुरू होगा। वहीं वार्ड 10 में 50 लाख रुपये की लागत से गली बनाई जाएगी।


गन्नौर। विधायक कादियानविकास कार्यों की नींव रखते हुए।

### साढ़े 10 लाख की लागत से बनेगा हॉल

डी प्लान से करीब साढ़े 10 लाख की लागत से मुस्लिम समुदाय के लिए चौपाल में हॉल निर्माण भी शामिल है। इस अवसर पर नपा सचिव प्रदीप खर्ब, एमई राहुल मोर, जेई अरविंद के साथ पार्षद अजय सरोहा, पार्षद प्रतिनिधि टिंकू प्रधान, सुनील पटवारी, जयबीर, सलीम, जयभगवान, यासीन, शौकीन, दिलशाद, डॉ. जावेद, आबिद और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## डांडिया उत्सव : शानदार प्रस्तुतियों से मोहा मन

**मुख्यातिथि गीता बड़ोली और विशिष्ट अतिथि के रूप में नपा चेयरमैन अरूण त्यागी ने की शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर में संयुक्त परिवार ही सशक्त समाज के अंतर्गत डांडिया का आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों और परिवार के सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि गीता बड़ोली ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी, एसआई विनोद त्यागी, सुशील (पूर्व हूसा प्रधान) अजय यादव ने शिरकत की। अतिथियों का स्कूल की तरफ से स्कूल मैनेजर राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा ने पुष्प गुच्छ व पटका पहनकर किया गया। गीता बड़ौली ने संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक धरोहर भारत की समृद्ध धरोहर है और आज के समय में यदि देखें तो विद्यालयों पर इसको संभालने का दायित्व भी है। नगरपालिका अध्यक्ष अरूण त्यागी ने भी अपना संबोधन दिया।





गन्नौर। अतिथि अरूण त्यागी विजेताओं को पुरस्कार देते साथ में प्रधानाचार्या रजनी शर्मा व मैनेजर राहुल गुप्ता और डांडिया उत्सव में शानदार प्रस्तुति देते स्कूल की छात्राएं

### संयुक्त परिवार ही सशक्त समाज

प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि संयुक्त परिवार ही सशक्त समाज की हो सकता है। इस अवसर पर पानीपत के प्रमोद चौपड़ा, प्रवीण कौशिक अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। विद्यालय की ओर से सभी शिक्षकवृंद, एडमिन राजीव मिश्रा, प्रमोद शर्मा, कोऑर्डिनेटर जसबीर, ज्योति माथुर, रूपिन्द्र कौर आदि मौजूद रहे।

### विजेता को दिए पुरस्कार

द लिटिल स्टार ऑफ डांडिल्टा प्रतियोगिता में प्री-नर्सरी से कक्षा 2 के छात्रों को प्रथम, द्वितीय, और तृतीय पुरस्कार दिए गए। राइजिंग स्टार ऑफ डांडिल्टा प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 6 के प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय, और तृतीय पुरस्कार दिए गए। यूथ डांस आइकन अवार्ड (कक्षा 7 और उससे ऊपर के बच्चों को पुरस्कार दिए गए। गरबा डांसिंग महिलाओं को प्रथम, द्वितीय, और तृतीय पुरस्कार दिए गए। डांसिंग मैस्ट्रो अवार्ड के अंतर्गत पुरुष विजेताओं को पुरस्कार दिए।


गोहाना। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उप प्राचार्या रितिका गर्ग।

## मां दुर्गा के 9 रूपों की बनाई तस्वीर

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी में सफीदों मार्ग स्थित सरस्वती विद्यालय में नवरात्र महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों ने मां दुर्गा के 9 रूपों की तस्वीर बनाकर अपनी कला प्रतिभा प्रदर्शित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आशीष गोयल ने की और संयोजन उप प्राचार्या रितिका गर्ग का रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा पहली के छात्र अंश ने मां दुर्गा की सुंदर तस्वीर बनाई। कक्षा दूसरी की छात्रा मायरा ने मां दुर्गा के चरणों के चित्र, कक्षा तीसरी से सनाया ने मां दुर्गा की तस्वीर, कक्षा चौथी से समृद्धि ने कलश का रेखाचित्र, कक्षा पांचवीं से प्रिंस ने मां दुर्गा के नौ रूपों की तस्वीर, कक्षा छठी से तन्नू ने कलश की तस्वीर, कक्षा 7वीं से प्रिंस ने मां कालरात्रि की तस्वीर और कक्षा 8वीं से नरगिस ने मां शैलपुत्री की तस्वीर बनाकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य आशीष गोयल और उप प्राचार्या रितिका गर्ग ने विजेताओं को भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी दी।

**धर्म-कर्म** — मंदिर में 30 को जागरण व नौंवी पर 1 अक्टूबर को लगेगा विशाल भंडारा

# दुर्गा सप्तमी पर महाकाली मन्दिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, माता के जयकारे गूंजे

*माता दुर्गा को चुनरी, नारियल, दीपक, प्रसाद अर्पित कर सुख शांति की मन्नत मांगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

दुर्गा सप्तमी पर बड़ी स्थित माता महाकाली प्राचीन मन्दिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी और माता के जयकारे गूंजे। मदिंर में पहुंची भक्तों की भीड़ ने माता दुर्गा को चुनरी, नारियल, दीपक, प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख शांति की मन्नत मांगी। इस दौरान माता के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय बना दिखाई दिया।


गन्नौर। दुर्गा सप्तमी पर मन्दिर में दर्शनों के गली माता के भक्त लंबी लाइन।

### माता महाकाली मंदिर का विशेष महत्व

मंदिर के महंत बाबा मंशापुरी महाराज ने बताया कि माता महाकाली मंदिर का विशेष महत्व है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मुरादें पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के कारण नवरात्रों में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। सप्तमी के दिन भी श्रद्धालुओं ने चुनरी, नारियल, दीपक और प्रसाद अर्पित कर माता रानी को भक्ति भाव से नमन किया। छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी बड़ी श्रद्धा से माता के दर्शन कर अपनी-अपनी मनोकामनाएं मांगते दिखे। मंदिर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चारण की गूंज से वातावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय बना रहा। दुर्गा सप्तमी नवरात्रि का विशेष दिन माना जाता है। इस दिन माता दुर्गा की उपासना करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है और सभी कष्ट दूर होते हैं। दुर्गा सप्तमी पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि माता रानी के दरबार में आकर मन को शांति मिलती है। भक्तों के अनुसार मंदिर की यह सकारात्मक ऊर्जा ही उन्हें हर वर्ष यहां खींच लाती है।

### जागरण व भंडारे में पहुंचने की अपील

मंदिर के मंहत बाबा मंशापुरी महाराज ने बताया कि महाकाली मंदिर में 30 सिंतबर बुधवार को विशाल जागरण होगा। जिसमें रात्रि 8 बजे ज्योत प्रज्जवलित होगी और 1 अक्तूबर को नवमी के दिन विशाल भंडारा लगाया जाएगा। मंहत मंशापुरी ने श्रद्धालूओं ने जागरण व भंडारे में पहुंचने की अपील की।